Sr.No.3256

Exam Code: 103206
Subject Code : 1180

B.A/B.Sc - 6th Semester

(2721)

Paper: Hindi (Elective)

(Laghu Vidhyan, Adhunik Kal, Nibandh Lekhan tatha Paribhashik Shabdavali)

Time allowed: 2 hrs. **Max. Marks: 100**

नोटः कोई चार प्रश्नों के उतर दीजिए। सभी प्रश्नों के समान अंक हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

   क) महाजनी सभ्यता के पास ईर्ष्या, जोर–जबरदस्ती, बेईमानी, झूठ मिथ्या, अभियोग–आरोप, वेश्यावृत्ति, व्यभिचार, चोरी–डाके आदि का कोई लाज नहीं है। ये सारी बुराइयाँ दौलत की देन हैं, पैसे के प्रसाद हैं, महाजनी सभ्यता ने इनकी सृष्टि की है। वही इनको पालती है और वही यह भी चाहती है कि जो दलित–पीड़ित और विजित हैं, वे इसे ईश्वरीय विधन समझकर अपनी स्थिति पर सन्तुष्ट रहें।

   ख) छोटे गोल मुख की तुलना में कुछ अधिक चौड़ा लगने वाला, पर दो काली रूखी लटों से सीमित ललाट, बचपन और प्रौढ़ता को एक साथ अपने भीतर बंद कर लेने का प्रयास–सा करती हुई, लंबी बरौनियोंवाली भारी पलकें और उनकी छाया में डबडबाती हुई–सी आँखें, उस छोटे मुख के लिए भीकुछ छोटी सीधी–सी नाक और मानो अपने ऊपर छपी हुई हँसी से विस्मित होकर कुछ खुले रहने वाले होठ समय के प्रवाह से फीके भर हो सके हैं, धुल नहीं सके।

2. क) करकराती हैं वह 'लिप्साएँ जो पूरी नहीं हुई। यहाँ तो वह सब कुछ भी नहीं। एक जिन्दगी मिली थी–झीनी–झीनी बीनी एक चादर, जिसे कबीरदास ने जतन से ओढ़कर ज्यों की त्यों धर दिया था।

Contd....P/2

ख) भूरे टाट में जड़ी सी वे काली आँखें मेरी कल्पना का विषय ही बनी रहती, यदि एक दिन पानी बरसने से कल्लू की माँ रूक न गई होती, पानी थमते ही मैं स्कूल से अकेले ही चल न दी होती और गीली सड़क पर उस परदे के सामने ही मेरा पैर न फिसल गया होता। बच्चे गिरकर प्रायः चोट के कारण न रोकर, लज्जा से ही रोने लगते हैं। मेरे रोने का भी कदाचित् यही कारण रहा होगा, क्योंकि चोट तो मुझे याद नहीं आती।

3. महादेवी वर्मा का सामान्य परिचय स्पष्ट करें।

4. 'कलम का सिपाही' जीवनी का सार लिखें।

5. नई कविता से क्या अभिप्राय है। इसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालें।

6. भारतेन्दु युग का सामान्य परिचय दीजिए।

7. पारिभाषिक शब्दावली :–

क) अंग्रेजी से हिन्दी :–

i) To see and Discuss

ii) For perusal

iii) Allowed

iv) Issue today

v) Passed for payment

vi) Do the needfull

vii) Please keep pending

viii) Order may be issued

ix) It is an offence

x) Minister has seen

Contd....P/2

ख) हिन्दी सें अंग्रेजी :–

i) देख कर वापस किया जाता है

ii) विवरण दीजिए

iii) मैं सहमत हूँ

iv) सूचना के लिए प्रस्तुत

v) आदेश के लिए

vi) अनुमोदन के लिए मसौदा

vii) आगे की कारवाई की प्रतीक्षा करें

viii) यथाशीघ्र

ix) बात कीजिए

x) देख लिया

8. राष्ट्रभाषा हिन्दी पर विस्तृत निबंध लिखें।

****